# MPMRCL News - December 2022

**Indore Samachar**
**01.12.2022**



7 इन्दौर, गुरुवार 1 दिसंबर 2022 इन्दौर समाचार इंदौर/मानपुर

**इन्दौर में मेट्रो ट्रैन के कामकाज ने तेजी पकड़ी। इन दिनों कार्य द्रुत गति से चल रहा है। अफसर दिन-रात इसे पूरा करने में लगे हुए है।**



02


**Dainik Bhaskar**

**Indore**

**02.12.2022**

दैनिक भास्कर इंदौर 02-12-2022 Pg-J2

# मेट्रो ट्रेन : अफसरों को 6, इंजीनियरों को सातों दिन काम करना होगा



एमआर-10 पर मेघदूत से बापट चौराहा के बीच मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट। फोटो | संदीप जैन

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने गुरुवार को इंदौर व भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा की। वे बोले कि प्रायोरिटी कॉरिडोर को समय पर पूरा करना है, इसलिए काम की रफ्तार बढ़ाना होगी। उन्होंने साइट इंजीनियरों को सातों दिन काम करने के निर्देश दिए। वहीं अधिकारियों को भी सप्ताह में पांच की बजाय छह दिन काम करने के निर्देश दिए। अगले साल सितंबर तक ट्रायल रन होना है। सिंह बोले कि इसकी गुणवत्ता व सुरक्षा में किसी तरह का समझौता नहीं कर सकते। समय पर काम करना है तो दिन-रात जुटकर काम करना होगा।

03

**Swatantra Samay**
**Indore**
**02.12.2022**

स्वतंत्र समय

अहिल्या नगरी

E-PAPER www.swatantrasamay.com

10

भोपाल, शुक्रवार 02 दिसम्बर 2022



# इंदौर में मेट्रो ने पकड़ी रफ्तार

इंदौर में मेट्रो ट्रेन के पहले चरण का काम तेजी पर है। काम की गति को देखते हुए अगले वर्ष चुनाव से पहले इसके दोड़ने की संभावनाएं बढ़ती जा रही है। मेट्रो के दूसरे चरण के रूट को लेकर जरूर कुछ असहमतियां सामने आ रही हैं।

**Nai Dunia**
**Indore**
**02.12.2022**

नईदुनिया
इंदौर, शुक्रवार 02 दसिंबर, 2022 | 3

# तीन महीने बंद रहेगी सुपर कारिडोर की एक लेन

## बाधा दूर होगी ● मेट्रो स्टेशन के निर्माण के लिए मुख्य सड़क का ट्रैफिक सर्विस रोड से चलेगा

नवीन यादव ● इंदौर

शहर में मेट्रो ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है। अगले साल सितंबर में सुपर कारिडोर के जिस हिस्से में ट्रायल रन होना है, उसमें स्टेशन भी बनाया जाना है। इसका काम तेजी से करने में ट्रैफिक बाधा बन रहा है। इसलिए अब सुपर कारिडोर के इस हिस्से को तीन माह के लिए बंद किया जाएगा। यहां के ट्रैफिक को सर्विस रोड पर डायवर्ट किया जाएगा। यह शहर का एक मात्र ऐसा स्टेशन होगा, जिसमें तीन पटरियां होंगी। दो पटरियों पर ट्रेनें क्रास होंगी, जबकि तीसरी पटरी से ट्रेन गांधी नगर डिपो में जाएगी।

मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि सुपर कारिडोर के जिस हिस्से में अगले साल ट्रायल रन होना है। उसे सुपर प्रायोरिटी ट्रैक नाम दिया गया है। यहां पर ट्रेन चलाने के लिए स्टेशन का काम पूरा करना पड़ेगा। इस स्टेशन का काम काफी तेजी से किया जाएगा। दूसरे स्टेशन की तुलना में यह बड़ा होगा, क्योंकि यहीं से रात में मेट्रो ट्रेन डिपो में जाएगी। जबकि सुबह निकल कर ट्रैक पर लौटेगी। इस काम में सुपर कारिडोर से निकलने वाले वाहन बाधा बन रहे हैं। इसी को देखते हुए अब मुख्य मार्ग को बंद करने का निर्णय लिया गया है। पिछले सप्ताह एमडी मनीष सिंह के दौरे के समय भी यह बात सामने आई थी। मार्ग कब से बंद किया जाएगा इस संबंध में जल्द ही निर्णय होगा।

**सेगमेंट जुड़ें तो पटरी का काम हो शुरू :** पांच किलोमीटर के जिस हिस्से में ट्रायल रन होना है। वहां पिलर पर सेगमेंट जोड़ने का काम हो रहा है। यह काम पूरा होते ही पटरी बिछाने का काम होगा। इसके लिए कोलकाता की कंपनी को ठेका दिया जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि पटरी बिछने के बाद बिजली का काम होगा और फिर ट्रेन आएगी। हमारी चरणबद्ध तरीके से पूरी तैयारी है।



सुपर कारिडोर पर गांधी नगर के समीप मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। यहां पर स्टेशन के निर्माण के लिए सुपर कारिडोर की एक ओर की सड़क को तीन माह के लिए बंद किया जाएगा। ● प्रफुल्ल चौरसिया 'आशु'

### सुपर कारिडोर है महत्वपूर्ण

एयरपोर्ट जाने वाले हजारों यात्री शहर के मध्य के व्यस्त ट्रैफिक को छोड़ कर सुपर कारिडोर का उपयोग करते हैं। इसके अलावा बेटमा और आगे के शहरों की यात्रा करने वाले भी सुपर कारिडोर का उपयोग करते हैं। काम करने के लिए रेलवे की मंजूरी भी मेट्रो कंपनी को मिल चुकी है।

05

**Indore Samachar**

**Indore**

**03.12.2022**



# मेट्रो स्टेशन के काम के लिए तीन माह बंद रहेगा सुपर कारिडोर का एक हिस्सा

इन्दौर (नप्र)। शहर में मेट्रो ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है। अगले साल सितंबर में सुपर कारिडोर के जिस हिस्से में ट्रायल रन होना है, उसमें स्टेशन भी बनाया जाना है। इसका काम तेजी से करने में ट्रैफिक बाधा बन रहा है। इसलिए अब सुपर कारिडोर के इस हिस्से को तीन माह के लिए बंद किया जाएगा।

यहां के ट्रैफिक को सर्विस रोड पर डायवर्ट किया जाएगा। यह शहर का एक मात्र ऐसा स्टेशन होगा, जिसमें तीन पटरियां होंगी। दो पटरियों पर ट्रेनें क्रास होंगी, जबकि तीसरी पटरी से ट्रेन गांधी नगर डिपो में जाएगी। मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि सुपर कारिडोर के जिस हिस्से में अगले साल ट्रायल रन होना है। उसे सुपर प्रायोरिटी ट्रैक नाम दिया गया है। यहां पर ट्रेन चलाने के लिए स्टेशन का काम पूरा करना पड़ेगा। इस स्टेशन का काम काफी तेजी से किया जाएगा। दूसरे स्टेशन की तुलना में यह बड़ा होगा, क्योंकि यहीं से रात में



मेट्रो ट्रेन डिपो में जाएगी। जबकि सुबह निकल कर ट्रैक पर लौटेगी। इस काम में सुपर कारिडोर से निकलने वाले वाहन बाधा बन रहे हैं। इसी को देखते हुए अब मुख्य मार्ग को बंद करने का निर्णय लिया गया है। पिछले सप्ताह एमडी मनीष सिंह के दौरे के समय भी यह बात सामने आई थी। मार्ग कब से बंद किया जाएगा इस संबंध में जल्द ही निर्णय होगा।

## सेगमेंट जुड़ें तो पटरी का काम हो शुरू

पांच किलोमीटर के जिस हिस्से में ट्रायल रन होना है। वहां पिलर पर सेगमेंट जोड़ने का काम हो रहा है। यह काम पूरा होते ही पटरी बिछाने का काम होगा। इसके लिए कोलकाता की कंपनी को ठेका दिया जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि पटरी बिछने के बाद बिजली का काम होगा और फिर ट्रेन आएगी। हमारी चरणबद्ध तरीके से पूरी तैयारी है।

## सुपर कारिडोर है महत्वपूर्ण

शहर के एक हिस्से को जोड़ने के लिए सुपर कारिडोर काफी महत्वपूर्ण है। एयरपोर्ट जाने वाले हजारों यात्री शहर के मध्य के व्यस्त ट्रैफिक को छोड़ कर सुपर कारिडोर का उपयोग करते हैं। इसके अलावा बेटमा और आगे के शहरों की यात्रा करने वाले भी सुपर कारिडोर का उपयोग करते हैं। यहां काम करने के लिए रेलवे की मंजूरी भी मेट्रो कंपनी को मिल चुकी है।

**Free Press**
**Indore**
**04.12.2022**

During PBS and GIS

# Officials to strike delicate balance between Metro construction and traffic needs

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

The officials plan to maintain a delicate balance between development and city's traffic needs in the first two weeks of January when on one hand the construction of the Rs 7500 cr Metro project will be going on in full swing and on the other thousands of people will descend on the city to take part in the Pravasi Bharatiya Sammelan (PBS) and Global Investors Summit (GIS), putting pressure on traffic movement.

While the Metro project is arguably the biggest project and a matter of pride for the city, the PBS and GIS are no less important as they will lay the foundation of future development in the city.


REPRESENTATIVE PIC

The Metro officials have been directed to finish the work of the 5.5 km super priority corridor by September end, before the 2023 Assembly elections, and for that, they have been demanding that they need to block traffic on a 400 metre stretch of the Super Corridor. But traffic officials fear that it might lead to disruptions in the traffic flow in the area and show the city in poor light during the PBS and GIS.

The trick will be to ensure that Metro construction goes on in full swing without disturbing the traffic flow.

The Metro officials plan to divert the traffic of Super Corridor towards the service road for almost three months for the construction of the Metro station and other works.

"The traffic flow on the Super Corridor is usually very high and it is likely to increase during the PBS and GIS. So, we are devising a foolproof plan to balance the smooth flow of traffic and Metro construction work," a senior officer of the Metro Rail said.

"We will occupy three lanes of the six lanes of the Super Corridor and to compensate we will develop roads of similar width on both sides of the road for smooth flow of the diverted traffic," an official said.


"By September 2023 super priority corridor will be developed and the remaining part of the 17 km priority corridor will be developed by 2024," said officials.

The construction work of the metro viaduct (17.2 km) under the priority corridor is in progress and about 86 % of the piling (foundation) work has been completed. The civil work of the station is in progress with about 86 % pile foundation, about 58 % open foundation and about 53 % pier/pillar work has been completed.

07

**Nai Dunia**
**Indore**
**05.12.2022**





शहर में मेट्रो ट्रेन परियोजना का काम तेजी से जारी है। विजय नगर चौराहे के मध्य में भी पिलर खड़े हो गए हैं। इन्हें अब लांचर की सहायता से जोड़ा जाएगा। ड्रोन से लिया गया विजय नगर चौराहे का दृश्य। ● राजू पवार

## बिना ट्रैफिक बंद किए होगा मेट्रो ट्रेन का काम

इंदौर। शहर में मेट्रो ट्रेन के पहले चरण का काम तेजी से चल रहा है। बापट चौराहे से रेडिसन के बीच पिलर जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। वहीं विजय नगर चौराहे पर लांचर पहुंच गया है। यहां से सयाजी होटल की तरफ के पिलर के सेगमेंट जोड़े जाएंगे। इसे जोड़ने के लिए बीआरटीएस का ट्रैफिक बंद नहीं किया जाएगा।

मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के अनुसार अब तक जितने भी पिलर सेगमेंट की सहायता से जोड़े गए हैं, वहां आमजन की सुरक्षा के लिहाज से यातायात का विशेष ध्यान रखा गया है। अब विजय नगर से सयाजी तक के पिलर सेगमेंट से जोड़े जाएंगे। विजय नगर चौराहा बीआरटीएस का प्रमुख चौराहा है, इसलिए यहां का ट्रैफिक बंद नहीं किया जाएगा। हालांकि सुचारु यातायात के लिए रोटरी तोड़कर रास्ता बनाया गया है। यहां कुल तीन सड़कें बनाई जाएंगी। जैसे-जैसे लांचर आगे बढ़ेगा। एक एक कर सड़क को बंद किया जाएगा। लांचर का काम पूरा होने के बाद ट्रैफिक को पहले की तरह खोल दिया जाएगा।

**Dainik Bhaskar**
**Indore**
**05.12.2022**

दैनिक भास्कर इंदौर 05-12-2022 Pg-02

**परिचर्चा** • ग्लोबल फोरम फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के आयोजन में आर्किटेक्ट व स्ट्रक्चरल इंजीनियर ने अपनी बात रखी

# इंदौर में सबसे बेहतर मेट्रोपॉलिटन सिटी बनने की क्षमता; यहां 5 हजार करोड़ का स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, धरोहरें संवारी, कोर एरिया में 10 बड़ी फोरलेन सड़कें

भास्कर संवाददाता | इंदौर

जिस शहर को 5 हजार करोड़ का स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मिला, जहां कोर एरिया में 10 बड़ी फोरलेन सड़कें हजार करोड़ से बनकर तैयार हैं, जहां ऐतिहासिक धरोहरों को मूल स्वरूप में संवारा गया हो, उस इंदौर शहर में सबसे बेहतर मेट्रोपॉलिटन सिटी बनने की क्षमता है।

आर्किटेक्ट एवं स्ट्रक्चरल इंजीनियर जेके व्यास ने यह बात ग्लोबल फोरम फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के तत्वावधान में आयोजित एक परिचर्चा में कही। उन्होंने कहा देश के चार शहरों को मेट्रोपॉलिटन सिटी में तब्दील किया जाना है। इसमें इंदौर का नाम भी शामिल है। यहां जिस तरह से विकास कार्य चल रहे हैं जो इसकी भौगोलिक स्थिति है, उस हिसाब यह देश की सबसे बेहतर मेट्रोपॉलिटन सिटी बन सकता है। प्रमुख वक्ता शोभा खन्ना ने कहा इंदौर में विकास की बहुत संभावना है। कॉरपोरेट और मैनेजमेंट पुस्तकों के लेखक रचित घाटे ने कहा पूरे देश को इंदौर से सीखना चाहिए। संस्था अध्यक्ष दीपक भंडारी ने बताया परिचर्चा में शिक्षाविद् एसएल गर्ग, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष बिसानी, महामंत्री जितेंद्र रामनानी, प्रमोद बेस आदि उपस्थित रहे।



## बायपास और रिंग रोड पर ही 5 से ज्यादा फ्लायओवर

- 5 हजार करोड़ रुपए का है इंदौर शहर का स्मार्ट सिटी का प्रोजेक्ट।
- 1097 करोड़ रुपए खर्च कर नगर निगम कोर एरिया में 10 बड़ी फोरलेन सड़कें, बायो मिथेनाइजेशन प्लांट सहित कचरा निपटान के चार बड़े प्रोजेक्ट कर चुका है।
- गोपाल मंदिर, राजबाड़ा, गांधी हॉल, के कायाकल्प के काम भी चल रहे हैं।
- शहर के कोर एरिया में राजेंद्र नगर, केसरबाग, माणिकबाग, जूनी इंदौर, गाड़ी अड्डा, भंडारी मिल, एमआर-10, सुपर कॉरिडोर जैसे सभी क्रॉसिंग पर 10 साल में आरओबी बना दिए।
- बायपास और रिंग रोड पर ही 5 से ज्यादा फ्लायओवर बने हैं। शहर में 11 नए फ्लायओवर प्रस्तावित हैं।
- मेट्रो ट्रेन का 31.5 किमी का प्रायोरिटी कॉरिडोर निर्माणाधीन है।
- देश का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट चापड़ा के पास प्रस्तावित है। विदेशी फ्लाइट दुबई के लिए संचालित।

**Dainik Bhaskar**
**Indore**
**05.12.2022**

दैनिक भास्कर इंदौर 05-12-2022

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट

# विजय नगर चौराहे पर जुड़ेंगे सेगमेंट बीआरटीएस का ट्रैफिक बंद नहीं होगा

इंदौर | मेट्रो का काम सिर्फ सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर ही नहीं बल्कि 17.5 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर भी तेजी से चल रहा है। लॉन्चर अब विजय नगर तक पहुंच गया है। यहां से सयाजी होटल की तरफ के पिलर के सेगमेंट जोड़े जाएंगे। राहत की बात यह है कि इस दौरान बीआरटीएस का ट्रैफिक बंद नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया विजय नगर चौराहा बीआरटीएस का प्रमुख चौराहा है। इसलिए यहां का ट्रैफिक बंद करना मुश्किल है। इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं। यहां रोटरी को हटा दिया है। यहां कुल तीन सड़कें बनाई जाएंगी। जैसे ही लॉन्चर आगे बढ़ेगा, एक सड़क को बंद कर दिया जाएगा। लॉन्चर का काम पूरा होने के बाद ट्रैफिक को पहले की तरह खोल दिया जाएगा। अगले साल सितंबर में सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन होना है, लेकिन पहले चरण के 17.5 किलोमीटर के हिस्से में भी काम तेजी से जारी है।

10

**Patrika**

**Indore**

**07.12.2022**

पत्रिका patrika.com क्राइम CRIME & अलर्ट ALERT 03 पत्रिका patrika.com
इंदौर, बुधवार, 07 दिसंबर, 2022

# विजय नगर चौराहे को मेट्रो ने दिलाई रोटरी से मुक्ति



पत्रिका फोटो स्टोरी

**इंदौर @ पत्रिका.** शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहे विजय नगर को आखिरकार बड़ी रोटरी से मुक्ति मिल गई है। कई साल पहले इसे बनाया गया था। बीआरटीएस डिजाइन में भी इसे यथावत रखा गया। मेट्रो ट्रैक निर्माण के लिए डाले गए पिलर्स के बाद इसे हटाया जा रहा है। ट्रैक बनने के बाद इस चौराहे की डिजाइन की जाएगी। विजय नगर चौराहे पर रोटरी व इससे लगे दो स्पॉन ट्रैफिक के लिए मिलेंगे। इससे बीआरटीएस कॉरिडोर भी जुड़ेगा। इसके एक ओर सड़क निर्माण शुरू कर दिया है। **फोटो: रवींद्र सेठिया**

**Raj Express**

**Indore**

**12.12.2022**

# मेट्रो निर्माण स्थल और इसके आसपास सौंदर्यीकरण भी हो

## विजय नगर के नजदीक कार्य कर रहे लांचर का निरीक्षण किया

### गांधीनगर स्टेशन के कार्य को निरंतर गति के लिए अगले सप्ताह डायवर्सन



इंदौर (आरएनएन)। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के लिए आवश्यक 24 प्रायोरिटी डिज़ाइन को इस माह के अंत तक प्राथमिकता से पूरा किया जाए। जिससे कार्य में गति आए एवं समय पर पूर्ण किया जा सके। उन्होंने मेट्रो प्रोजेक्ट में लॉजिस्टिक चैन प्रबंधन तथा वेंडर सप्लाई प्रबंधन को समुचित तरीके से व्यवहार में लाने पर जोर देते हुए कहा कि इस से प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन को गति मिलेगी। मेट्रो रेल एमडी मनीष सिंह ने इंदौर में समीक्षा बैठक के दौरान जनरल कंसलटेंट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के पदाधिकारियों को इस कार्य के लिए सभी कॉन्ट्रैक्टर्स के प्रमुखों के साथ सीधा संपर्क में रहने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने मेट्रो प्रोजेक्ट के कामकाज के साथ-साथ निर्माण स्थल और इसके आसपास सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए।

मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने रविवार को इंदौर कार्यालय में मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माण के सभी स्टेक होल्डर्स के साथ प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने चन्द्रगुप्त चौराहा से लेकर बापट चौराहा तक सौन्दर्यीकरण, सुपर कॉरिडोर पर निर्माणाधीन गांधीनगर मेट्रो स्टेशन के पास डायवर्सन रोड को समुचित तरीके से विकसित करने के निर्देश दिए। परियोजना की निरंतर प्रगति और निर्माण कार्य को तेज गति प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में कॉरपोरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनरल कंसलटेंट के प्रतिनिधियों और प्रायोरिटी कॉरिडोर के निर्माण में लगी कॉन्ट्रैक्टर्स पार्टनर, रेल विकास निगम लिमिटेड के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में डिपो निर्माण में लगी उपक्रम केएसएमबी और प्रायोरिटी कॉरिडोर के कांट्रेक्टर पार्टनर दिलीप बिल्डिकॉन लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ-साथ इंदौर की नगर निगम आयुक्त प्रतिभा पाल ने भी भाग लिया। बैठक में परियोजना के क्रियान्वयन, डिज़ाइनिंग, सिविल वर्क, सिस्टम आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रबंध संचालक ने सभी सहयोगी संस्थाओं से आपसी समन्वय के साथ परियोजना कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिये।

**डायवर्सन रोड इसी सप्ताहः** एममडी श्री सिंह ने जनरल कंसलटेंट तथा कांट्रेक्टर को आपसी सामंजस्य स्थापित कर निर्माण कार्य के लिए आवश्यक 24 प्रायोरिटी डिज़ाइन को इस माह के अंत तक प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स समिट तथा प्रवासी भारतीय सम्मेलन के कारण इस सड़क पर व्हीव्हीआईपी गतिविधि एवं यातायात के लिहाज से डायवर्सन रोड विकसित किया जाये। इस विषय पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त प्रतिभा पाल ने मेट्रो पदाधिकारियों को बुलाकर शीघ्र निर्णय लिए जाने का विश्वास जताया।

**Patrika**
**Indore**
**12.12.2022**

# 5.31 किमी के ट्रैक पर अब डालेंगे पटरी, 24 डिजाइन इसी माह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** शहर में मेट्रो की राह के कुछ कदम और बढ़े हैं। रविवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने प्रायरिटी कॉरिडोर के कार्यों की समीक्षा की। सुपर कॉरिडोर से आइएसबीटी और शहीद पार्क तक के ट्रैक पर चर्चा हुई। इस दौरान डिजाइन कंसलटेंट के रवैए पर अफसरों ने सवाल उठाए। निर्माण कंपनियों ने भी कहा, डिजाइन समय पर मिल जाए तो संसाधन बढ़ा देंगे। तब एमडी ने डायरेक्टर सीमोन फोरी को कहा, प्रायरिटी कॉरिडोर के लिए आवश्यक 24 डिजाइन इसी माह के अंत तक प्राथमिकता से पूरी करें। उन्होंने लॉजिस्टिक चेन और वेंडर सप्लाई प्रबंधन को भी ठीक करने के लिए कहा। जीएम केसी चौहान को यह प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। गांधी नगर स्टेशन के लिए डायवर्शन का काम भी शुरू करने पर चर्चा हुई। सुपर कॉरिडोर पर मुख्य मार्ग के ट्रैफिक को डायवर्ट करने के लिए एक ओर सर्विस रोड व दूसरी ओर वन विभाग की जमीन से सड़क प्रस्तावित है। निगमायुक्त प्रतिभा पाल ने बताया, जमीन के लिए सहमति बन गई है।

## बड़े आयोजनों के दौरान चलेगा कार्य

**एमडी** मनीष सिंह ने कहा, प्रवासी भारतीय दिवस और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समय मेट्रो का कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। प्रायरिटी कॉरिडोर सरकार की प्राथमिकता है। व्यवस्था ऐसी करें, कम से कम दिन काम बंद करने की नौबत आए। आइएसबीटी से शहीद पार्क के बीच 178 पियर्स तैयार हो चुके हैं। इन पर वायडक्ट का काम चल रहा है। करीब 5.31 किमी में पटरी डाली जाएगी।

### बेरिकेड्स हटा कर सौंदर्यीकरण किया जाएगा

**समीक्षा** के दौरान दोनों आयोजनों को ध्यान मे रखते हुए अनावश्यक बेरिकेड हटाने के लिए कहा गया। एमडी ने कहा, जहां काम हो चुका है, वहां से बेरिकेड हटा लें। जिससे संकरी सड़कों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति नहीं बनें। बापट चौराहा, विजय नगर चौराहा और सुपर कॉरिडोर पर विशेष ध्यान दें।

13

**Free Press**
**Indore**
**12.12.2022**


# INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | MONDAY | DECEMBER 12, 2022

Pg-02


FREE PRESS RUN-UP TO PBD Conference & GIS-2023

# MPMRCL faces hectic work schedule ahead of PBD, GIS

## 24 priority designs to be completed

## Indore Metro & IMC to build roads along corridor

## Complete all beautification work of squares, roads


OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in




The Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited has its work cut out for the coming days, and a crucial meeting, headed by MPMRCL managing director Manish Singh, was held on Sunday in this regard.

First, they will have to complete the work of 24 priority designs by the end of this month. Second, the Indore Metro in coordination with the Indore Municipal Corporation will have to develop the roads along the corridor and also ensure proper beautification work given the Pravasi Bharatiya Diwas (PBD) and Global Investor Summit (GIS) to be held in the city in January 2023.

A detailed discussion on the implementation of the projects, their design, civil work, etc was held.

Emphasising on proper implementation of logistics chain management and vendor supply management in the Metro project, Singh said that this will speed up the implementation of the project.

Singh gave detailed instructions on the construction work of the Metro project as well as the beautification of the construction site and its surroundings.

"Beautification of the road and its surroundings from Chandragupta Square to Bapat Square, proper development of diversion roads near Gandhi Nagar Metro Station and on Super Corridor should be done by Metro in coordination with IMC," directed Singh in the meeting.

He said that due to Global Investors Summit and Pravasi Bharatiya Sammelan in January 2023, a diversion road should be developed on this road given the likely VVIP activity and traffic.

He instructed officials to widen the road around the Metro construction site at Bapat Square and also to remove unnecessary barricading from areas where the construction has been completed. The aim is to ensure that there are no traffic bottlenecks.

Singh directed MPMRCL officials to regularly prepare presentations of all the ongoing progress in Metro project work. He told officials to take timely decisions on pending issues to ensure the timely completion of the project. He said all important issues should be brought to his notice.

Senior officials of MPMRCL, representatives of general consultant and contractors partner Rail Vikas Nigam Limited (RVNL), representatives of Dilip Buildcon Limited along with municipal commissioner Pratibha Pal and others were present in the meeting.

> The general consultant and the contractor with mutual coordination will complete 24 priority designs required for the construction work by the end of this month."
>
> — MPMRCL managing director Manish Singh

**Metro Vaartha**

**Indore**

**12.12.2022**



# Metro rail MD orders immediate completion of designs

KK Jha

**Indore**

The Managing Director, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, Manish Singh here on Sunday instructed the General Consultant and the Contractor of the Indore Metro project to establish mutual coordination and complete the 24 priority designs required for the construction work of metro rail on priority by the end of this month. Emphasizing on proper implementation of logistics chain management and vendor supply management in the metro project, he said that this will speed up the implementation of the project.

While reviewing the ongoing progress works of Indore metro project with all stakeholders which was aimed at updating the progress of the project and speeding up the construction work, he hailed detailed discussion on the implementation of the project, designing, civil work, system etc. Singh also instructed all the associate organizations to speed up the project work with mutual coordination.

During the meeting, Singh also gave instructions for beautification of the construction site and its surroundings. He instructed for beautification from Chandragupta square to Bapat square, proper development of diversion road near Gandhinagar Metro station under construction on Super Corridor. He said that due to the proposed Investors Summit and Pravasi Bhartiya Sammelan in January 2023, a diversion road should be developed on this road in terms of VVIP activity and traffic. Taking cognizance of this matter, Municipal Corporation Commissioner Pratibha Pal called the Metro officials and said that a decision would be taken soon.

**Nav Dunia**

**Indore**

**12.12.2022**

# जहां काम नहीं हो रहा, वहां बैरिकेड हटाओ

## मेट्रो ● प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में एमडी ने दिए निर्देश, सुंदरीकरण पर जोर

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माण की प्रगति समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां मेट्रो का काम नहीं हो रहा है, वहां से बैरिकेड्स को हटा दिए जाएं। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सकती है। सिंह ने जनरल कंसलटेंट और कांट्रेक्टर को आपसी सामंजस्य बनाकर निर्माण कार्य के लिए आवश्यक 24 प्रायोरिटी डेडलाइन को इस माह के अंत तक प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने मेट्रो प्रोजेक्ट में लाजिस्टिक चेन प्रबंधन तथा वेंडर सप्लाई प्रबंधन को समुचित तरीके से व्यवहार में लाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन को गति मिलेगी।



बैठक में मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की समीक्षा करते अधिकारी। ● सौ. जनसंपर्क

सिंह ने मेट्रो प्रोजेक्ट के कामकाज के साथ निर्माण स्थल और इसके आस-पास सुंदरीकरण के भी निर्देश दिए। उन्होंने चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे से बापट चौराहे तक और गांधी नगर के डिपो के सुंदरीकरण, सुपर कारिडोर पर निर्माणाधीन गांधीनगर मेट्रो स्टेशन के पास डायवर्शन रोड को समुचित तरीके से विकसित करने के निर्देश दिए। यहां स्टेशन निर्माण के लिए सुपर कारिडोर की मुख्य सड़क को बंद किया जाएगा। अगले माह इन्वेस्टर्स समिट और प्रवासी भारतीय सम्मेलन के कारण इस सड़क पर वीवीआइपी गतिविधि एवं यातायात के लिहाज से डायवर्शन रोड विकसित किया जाए। इसके अतिरिक्त बापट चौराहे पर मेट्रो निर्माण स्थल के चारों ओर सड़क चौड़ीकरण करने के निर्देश दिए। निर्माण पूर्ण हो चुके स्थानों पर लगे अनावश्यक बैरिकेडिंग को जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए। बैठक में रेल विकास निगम लिमिटेड एवं डिपो निर्माण में लगी कंपनी तथा प्रायोरिटी कारिडोर के कांट्रेक्टर पार्टनर दिलीप बिल्डकान लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ निगम अधिकारी मौजूद थे।

**Madhya Swadesh**

**Indore**

**12.12.2022**



मध्य स्वदेश
भोपाल, सोमवार, 12 दिसंबर 2022 07

# अगले साल मेट्रो रेल का होगा ट्रायल रन, जल्द बिछना शुरू होगी पटरियां

मध्य स्वदेश संवाददाता ■ इंदौर

शहर में आई बस और सिटी बस के बाद एक साल बाद मेट्रो में सफर का आनंद मिलेगा। इंदौर में बन रहे मेट्रो ट्रेक पर दोनों छोर से मेट्रो ट्रेन चलाने की योजना है। अगले साल मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश सरकार इंदौर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन हर हाल में चाहती है। काम समय पर हो,इसके लिए उन्होंने शहर के पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह को मेट्रो ट्रेन कार्पोरेशन का एमडी बनाया है। जब ट्रेक बनकर तैयार हो जाएगा तो ट्रेक के दोनो छोर से मेट्रो ट्रेन चलेगी। इंदौर में मेट्रो ट्रेन का काम पूरा होने के बाद लोक परिवहन व्यवस्था बदल जाएगा। अभी जब पूरा काम हो जाएगा तो इंदौर में 28 मेट्रो ट्रेन चलेगी। मेट्रो स्टेशनों की दूरी के हिसाब यात्रियों को एक से तीन मिनट के भीतर ट्रेन मिल सकेगी।

मेट्रो प्रोजेक्ट का काम देख रहे आईडीए के चीफ इंजीनियर अनिल जोशी के अनुसार इंदौर में 31.5 किलोमीटर का मेट्रो प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। अभी पिलरों को सेगमेंट से जोड़ा जा रहा है। इसके बाद पटरियां बिछने का काम शुरू होगा। मेट्रो ट्रेक भले ही 31.5 किलोमीटर का है,लेकिन उस पर दोनो



छोर से एक साथ दो ट्रेनें चलेगीं। दोनों ट्रेन ट्रेक पर ही एक दूसरे को क्रॉस भी कर सकेगी।

इंदौर के भविष्य के विस्तार और जनसंख्या को देखते हुए मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम होगा। उपनगरों को जोड़ने के लिए भी सर्वे शुरू हो गया है। मेट्रो रुट से महू और पीथमपुर से इंदौर से कनेक्ट होंगे। अधिकारियों ने बताया कि 31.5 किलोमीटर का ट्रेक पूरा होने के बाद कुल 28 ट्रेनें चलेगीं। स्टेशनों की दूरी के अनुसार एक से तीन मिनट में ट्रेन स्टेशन पर पहुंच जाएगी। गांधी नगर में बन रहे डिपो को भी इस तरह से बनाया जा रहा है।

17

**Indore Samachar**

**Indore**

**12.12.2022**



इन्दौर समाचार



# इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा : अनावश्यक बैरिकेडिंग को भी जल्द से जल्द हटा लिए जाने के निर्देश

इंदौर। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक श्री मनीष सिंह ने आज इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माण के सभी स्टेक होल्डर्स के साथ प्रगति समीक्षात्मक बैठक की। परियोजना की अद्यतन प्रगति और निर्माण कार्य को द्रुत गति प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनरल कंसलटेंट के प्रतिनिधियों एवं प्रायोरिटी कॉरिडोर के निर्माण में लगी कॉन्ट्रैक्टर्स पार्टनर, रेल विकास निगम लिमिटेड एवं डिपो निर्माण में लगी उपक्रम चस्स्क तथा प्रायोरिटी कॉरिडोर के कांट्रेक्टर पार्टनर दिलीप बिल्डिकॉन लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ- साथ इंदौर की नगर निगम



आयुक्त श्रीमती प्रतिभा पाल ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान श्री सिंह ने मेट्रो प्रोजेक्ट के कामकाज के साथ-साथ निर्माण स्थल और इसके आसपास सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए। उन्होंने चन्द्रगुप्त चौराहा से लेकर बापट चौराहा तक सौन्दर्यीकरण, सुपर कॉरिडोर पर निर्माणाधीन गांधीनगर मेट्रो स्टेशन के पास डायवर्सन रोड को समुचित तरीके से विकसित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स समिट तथा प्रवासी भारतीय सम्मलेन के कारण इस सड़क पर व्हीव्हीआईपी गतिविधि एवं यातायात के लिहाज से डायवर्सन रोड विकसित किया जाये। इस विषय पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेट्रो पदाधिकारियों को बुलाकर शीघ्र निर्णय लिए जाने का विश्वास जताया। प्रबंध निदेशक ने गाँधीनगर में निर्माणाधीन मेट्रो ट्रैन डिपो में भी लिंक रोड्स, पौधारोपण एवं सौंदर्यीकरण के अन्य उपाय करने की बात कही। उन्होंने बापट चौराहा पर मेट्रो निर्माण स्थल के चारों ओर सड़क चौड़ीकरण करने के निर्देश दिए एवं निर्माण पूर्ण हो चुके स्थानों पर लगे अनावश्यक बैरिकेडिंग को भी जल्द से जल्द हटा लिए जाने के निर्देश दिए, ताकि संकरी सड़कों के कारण ट्रैफिक की समस्या ना उत्पन्न हो। प्रबंध संचालक द्वारा विजय नगर स्क्वायर के नजदीक कार्य कर रहे लांचर का निरीक्षण किया गया एवं प्रगति को देखते हुए संतुष्टि जाहिर की। प्रबंध संचालक द्वारा आश्वस्त किया गया कि गांधी नगर स्टेशन के कार्य को निरंतर गति देने के लिए अगले सप्ताह डायवर्सन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के लिए आवश्यक प्रायोरिटी डिज़ाइन को इस माह के अंत तक प्राथमिकता से पूरा किया जाए। जिससे कार्य में गति आए एवं समय पर पूर्ण किया जा सके।

**The People's Samachar**

**Indore**

**12.12.2022**

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार
इंदौर सिटी Page: 3 December 12, 2022

### मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक ने ली मेट्रो रेल की समीक्षा बैठक

# आपसी समन्वय कर कॉन्ट्रेक्टर्स से सीधे संपर्क में रहें अधिकारी : एमडी

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9826055574

रविवार को इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माण के सभी स्टेक होल्डर्स के साथ मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक (एमडी) मनीष सिह ने कार्य प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में परियोजना के क्रियान्वयन, डिज़ाइनिंग, सिविल वर्क, सिस्टम आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस दौरान एमडी ने सभी सहयोगी संस्थाओं से आपसी समन्वय के साथ परियोजना कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए।




प्रबंध निदेशक ने निर्माण कार्य के लिए आवश्यक 24 प्रायोरिटी डिज़ाइन को इस माह के अंत तक प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेट्रो प्रोजेक्ट में लॉजिस्टिक चेन प्रबंधन तथा वेंडर सप्लाई प्रबंधन को समुचित तरीके से व्यवहार में लाने पर जोर देते हुए कहा कि इस से प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन को गति मिलेगी। सिह ने मेट्रो प्रोजेक्ट के कामकाज के साथ-साथ निर्माण स्थल और इसके आसपास सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए। उन्होंने चन्द्रगुप्त चौराहा से लेकर बापट तक सौंदर्यीकरण, सुपर कॉरिडोर पर निर्माणाधीन गांधीनगर मेट्रो स्टेशन के पास डायवर्सन रोड को विकसित करने के निर्देश दिए।

**डायवर्सन रोड बनाए जाएगा**

वैश्विक आयोजन के मद्देनजर प्रबंध संचालक ने कहा कि जनवरी में इन्वेस्टर्स समिट तथा प्रवासी भारतीय सम्मलेन के कारण इस सड़क पर वीवीआईपी गतिविधि एवं यातायात के लिहाज से डायवर्सन रोड विकसित किया जाए। इस विषय पर निगमायुक्त ने मेट्रो पदाधिकारियों के साथ शीघ्र निर्णय लिए जाने का विश्वास जताया।

**Dabang Dunia**

**Indore**

**12.12.2022**

दैनिक दबंग दुनिया

सिटी फ्रंट

इंदौर, सोमवार, 12 दिसंबर 2022
www.dabangdunia.co.in

02

## मेट्रो कार्य प्रगति की समीक्षा

इंदौर। जनवरी माह में होने वाले दो बड़े इवेंट प्रवासी भारतीय सम्मेलन और समिट की तैयारियों को लेकर एमपीआईडीसी के एमडी मनीष सिंह ने इवेंट कंपनियों के अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर निगम कमिश्नर प्रतिभा पाल भी उपस्थित थीं। बैठक के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि आयोजन के लिए किस तरह की व्यवस्था की जाना है। प्रेजेंटेशन में कई सुझाव भी दिए।

**Navbharat**

**Indore**

**12.12.2022**

# आवश्यक प्रायोरिटी डिज़ाइन को माह के अंत तक पूरा करें

## मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन प्रबंध संचालक ने दिए निर्देश, इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा की

इंदौर. रविवार को मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माण के सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ प्रगति समीक्षात्मक बैठक की. बैठक में परियोजना के क्रियान्वयन, डिज़ाइनिंग, सिविल वर्क, सिस्टम आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई. प्रबंध संचालक ने सभी सहयोगी संस्थाओं से आपसी समन्वय के साथ परियोजना कार्य को गति प्रदान करने का निर्देश दिया. प्रबंध निदेशक ने जनरल कंसलटेंट तथा कांट्रेक्टर को आपसी सामंजस्य स्थापित कर निर्माण कार्य के लिए आवश्यक 24 प्रायोरिटी डिज़ाइन को इस माह के अंत तक प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया.

बैठक में श्री सिंह ने मेट्रो प्रोजेक्ट में लॉजिस्टिक चैन प्रबंधन तथा वेंडर सप्लाई प्रबंधन को समुचित तरीके से व्यवहार में लाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन को गति मिलेगी. उन्होंने जनरल कंसलटेंट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर तथा एमपीएमआरसीएल पदाधिकारियों को इस कार्य के लिए सभी कॉन्ट्रैक्टर्स के प्रमुखों के साथ सीधा संपर्क में रहने के निर्देश दिए. बैठक के दौरान श्री सिंह ने मेट्रो प्रोजेक्ट के काम-काज के साथ साथ निर्माण स्थल और इसके आसपास सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए. उन्होंने चन्द्रगुप्त चौराहा से लेकर बापट चौराहा तक सौन्दर्यीयकरण, सुपर कॉरिडोर पर निर्माणाधीन गांधीनगर मेट्रो स्टेशन के पास डायवर्सन रोड को समुचित तरीके से विकसित करने के निर्देश दिए. परियोजना की अद्यतन प्रगति और निर्माण कार्य को द्रुत गति प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित उक्त बैठक में एमपीएमआरसीएल के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनरल कंसलटेंट के प्रतिनिधियों एवं प्रायोरिटी कॉरिडोर के निर्माण में लगी कॉन्ट्रैक्टर्स पार्टनर रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) एवं डिपो निर्माण में लगी उपक्रम केएसएमबी तथा प्रायोरिटी कॉरिडोर के कांट्रेक्टर पार्टनर दिलीप बिल्डिकॉन लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ- साथ इंदौर की म्यूनिसिपल कमिश्नर प्रतिभा पाल ने भी भाग लिया.



### अनावश्यक बैरिकेडिंग जल्द हटाएं

बैठक में प्रबंध निदेशक ने कहा कि जनवरी 2023 में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स समिट तथा प्रवासी भारतीय सम्मलेन के कारण इस सड़क पर वीवीआईपी गतिविधि एवं यातायात के लिहाज से डायवर्सन रोड विकसित किया जाए . इस विषय पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम कमिश्नर प्रतिभा पाल ने मेट्रो पदाधिकारियों को बुलाकर शीघ्र निर्णय लिए जाने का विश्वास जताया . प्रबंध निदेशक ने गाँधीनगर में निर्माणाधीन मेट्रो ट्रैन डिपो में भी लिंक रोड्स, पौधारोपण एवं सौंदर्ययीकरण के अन्य उपाय करने की बात कही . उन्होंने बापट चौराहा पर मेट्रो निर्माण स्थल की चारों ओर सड़क चौड़ीकरण करने के निर्देश दिए एवं निर्माण पूर्ण हो चुके स्थानों पर लगे अनावश्यक बैरिकेडिंग को भी जल्द से जल्द हटा लिए जाने के निर्देश दिए ताकि संकरी सड़कों के कारण ट्रैफिक की समस्या ना उत्पन्न हो .

### त्वरित व सटिक निर्णय लें

प्रबंध संचालक ने एमपीएमआरसीएल के पदाधिकारियों के साथ कार्यालय व्यवस्था को भी व्यापक करने के भी विचार विमर्श किये. उन्होंने प्रोजेक्ट के जिम्मेवारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट के अद्यतन प्रगतियों के प्रस्तुतीकरण एमपीएमआरसीएल पदाधिकारियों द्वारा किये जाने के लिए निर्देशित किया. साथ ही परियोजना के ससमय पूर्णता के लक्ष्य को देखते हुए त्वरित और सटीक निर्णय लेने, लंबित विषयों के अविलम्ब निस्तारण करने और महत्वपूर्ण विषयों को उनके संज्ञान में लाये जाने के भी निर्देश दिए. इस मौके पर उनके साथ एमपीएमआरसीएल से केसी चौहान, महाप्रबंधक व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे.

### लांचर का किया निरीक्षण

प्रबंध संचालक द्वारा विजय नगर स्क्वायर के नजदीक कार्य कर रहे लांचर का निरीक्षण किया गया और प्रगति को देखते हुए संतुष्टि जाहिर की. प्रबंध संचालक ने आश्वस्त किया कि गांधी नगर स्टेशन के कार्य को निरंतर गति देने के लिए अगले सप्ताह डायवर्सन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा. उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के लिए आवश्यक प्रायोरिटी डिज़ाइन को इस माह के अंत तक प्राथमिकता से पूरा किया जाए. जिससे कार्य में गति आए एवं समय पर पूर्ण किया जा सके।

**Dainik Bhaskar**
**Indore**
**13.12.2022**

इंदौर 13-12-2022

# इंदौर फ्रंट पेज

दैनिक भास्कर इंदौर, मंगलवार 13 दिसंबर, 2022



फोटो | ओपी सोनी

## एमआर-10 के आसपास ट्रैक का काम अंतिम चरण में, पटरी बिछाने की तैयारी

इंदौर | अगले साल सितंबर से ट्रायल के टारगेट को देखते हुए मेट्रो ट्रेन के काम में रफ्तार आ गई है। एमआर-10 के आसपास ट्रैक का काम अंतिम चरण में है। यहां पटरी बिछाने की योजना पर भी काम हो रहा है।

**09** माह ही शेष बचे हैं प्रोजेक्ट के पहले चरण का काम पूरा करने के लिए

**14.5** किमी में अगले साल सितंबर तक ट्रायल रन का लक्ष्य

**Nai Dunia**


**Indore**

**16.12.2022**

नईदुनिया | 3
इंदौर, शुक्रवार 16 दिसंबर, 2022

# अगले पड़ाव पर मेट्रो, ट्रैक पर बिछेगी पटरी

## कार्य में तेजी ● कोलकाता की कंपनी अगले माह से शुरू करेगी पटरी बिछाने का काम



मेट्रो परियोजना के पहले चरण में एमआर-10 पर तेज गति से कार्य चल रहा है। ● राजू पवार

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में मेट्रो के ट्रायल के लिए अब नौ माह शेष हैं। अगले साल सितंबर में सुपर कारिडोर के पांच किलोमीटर लंबे ट्रैक पर ट्रायल रन किया जाएगा। इसके पहले एक अहम पड़ाव आ गया है। अगले माह से कोलकाता की कंपनी पटरी बिछाना शुरू कर देगी। ट्रायल रन में तीन कोच की ट्रेन चलेगी। इसके लिए फ्रांस की आलस्ट्राम कंपनी को ठेका पहले दिया जा चुका है। जुलाई में इसके लिए ट्रेन आ जाएगी।

मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के अनुसार पहले चरण के 17.5 किलोमीटर का काम तेजी से चल रहा है। पिलर का काम लगभग पूरा हो गया है। इसे सेगमेंट से जोड़ने का काम चल रहा है। कोलकाता की जिस कंपनी को पटरी बिछाने का ठेकस दिया गया है। वह अगले माह से काम शुरू करेगी। मेट्रो ट्रेन की पटरी सामान्य रेल की पटरी से अलग होती है। इसमें गिट्टी का उपयोग नहीं होता है। इसलिए पटरी बिछाने के लिए दूसरी तैयारी करनी होती है। अधिकारियों का कहना है कि अगले माह के अंत तक पटरी बिछाने का काम शुरू हो जाएगा।

**तीन कोच की ट्रेन :** मेट्रो के ट्रायल रन के लिए ट्रेन भी जुलाई के प्रारंभ में आ जाएगी। अभी तीन कोच की ट्रेन होगी। इंदौर में कुल 26 ट्रेनें चलेंगी। गांधी नगर में डिपो बन रहा है। यहां पर बन रहे स्टेशन के लिए सुपर कारिडोर की मुख्य सड़क को बंद किया जाएगा। इसके लिए तैयारी कर दी गई है। सर्विस रोड को ठीक किया जा रहा है। एक -दो दिन में यहां पर ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया जाएगा।

23

**Dainik Bhaskar**

**Indore**

**20.12.2022**

दैनिक भास्कर इंदौर 20-12-2022 Pg-03

दैनिक भास्कर इंदौर

# रोटरी हटाई, मेट्रो के पिलर हुए खड़े, सड़क का काम भी शुरू



इंदौर | प्रवासी भारतीय सम्मेलन और इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों ने सभी सरकारी अमलों को एक्शन में ला दिया है। इसके चलते वर्षों से अटके काम भी तेजी से पूरे हो रहे। ऐसा ही मामला विजय नगर रोटरी का है, जिसे निगम 15 साल से नहीं हटा पा रहा था। अब मेट्रो प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए नगर निगम ने रोटरी हटा दी है। जिस जगह रोटरी हुआ करती थी, वहां अब मेट्रो के पिलर खड़े हो गए हैं।

**Nai Dunia**

**Indore**

**20.12.2022**

नईदुनिया
इंदौर, मंगलवार 20 दिसंबर, 2022
www.naidunia.com
9

# मेट्रो शहर बनते इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट के बढ़ते कदम...



जिस तेजी से अपना इंदौर मेट्रो शहर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वैसी ही तेज गति से शहर में मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का काम भी चल रहा है। विजय नगर चौराहा पर सेगमेंट डालने का काम भी जारी है। एमआर 10 ब्रिज से रेडिसन चौराहा तक काफी हिस्से में पिलर बन चुके हैं और उन पर पटरियां बिछाने के लिए ढांचा बन चुका है।

शहरवासी जब सड़क से गुजरते हुए इस स्ट्रक्चर को देखते हैं तो अपने शहर की तरक्की देखकर मन ही मन गर्व से भर जाता है। यह हम सबकी साझा मेहनत है, जो इंदौर के तेज विकास में झलकती है।

प्रफुल्ल चौरसिया 'आशु'

**Dainik Bhaskar**

**Indore**

**25.12.2022**

दैनिक भास्कर इंदौर 25-12-2022

---

**प्रवासी भारतीय सम्मेलन** • जहां-जहां बैरिकेडिंग, वहां किया जा रहा आर्ट वर्क

# सुपर कॉरिडोर; बैरिकेड्स संकरे कर रोड बनाई ताकि VVIP मूवमेंट, मेट्रो प्रोजेक्ट चलते रहें

भास्कर संवाददाता | इंदौर

प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शामिल होने वाले वीवीआईपी का आना-जाना सुपर कॉरिडोर से होगा। ऐसे में मेहमानों को दिक्कत न हो और सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो प्रोजेक्ट का काम भी चलता रहे, इसके लिए बैरिकेडिंग को संकरा किया गया है। सुपर कॉरिडोर के दोनों ओर का रोड ब्लॉक कर ट्रैफिक को भी डायवर्ट किया है। इसके लिए 12 दिन में 220 मीटर लंबी सड़क बनाई गई है। बैरिकेडिंग पर पेंटिंग भी बनवाई जा रही है। डिजिटल आर्ट वर्क किया जा रहा है। बापट चौराहा से रेडिसन चौराहा तक की बैरिकेडिंग भी संकरी की गई है। इसे सुंदर बनाने के लिए डिजिटल आर्ट वर्क किया है। इन सभी पर रंग करवाया जा रहा है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का नाम लिखवाया जाएगा। बापट चौराहे पर पिलर के आसपास छोटी रोटरी बनाई गई है।




सुपर कॉरिडोर के दोनों ओर रोड ब्लॉक कर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है।

**Nai Dunia**

**30.12.2022**

नईदुनिया

# रात में भी नहीं थमता मेट्रो का काम

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में इन दिनों में मेट्रो रेल परियोजना के काम तेजी से चल रहा है। एमआर 10 पर खड़े किए कई पिलर पर सेगमेंट डाले जा रहे हैं। कुछ जगह पिलर बनाए जा रहे हैं। खास बात यह है कि मेट्रो लाइन का काम अनवरत जारी है। यह रात में भी रुकता नहीं हैं। एमआर 10 के चंद्रगुप्त चौराहे पर मेट्रो रेल के स्टेशन का काम भी जारी है। 2023 में ट्रायल होना है। इसलिए काम में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। रूट पर कुछ जगह सेगमेंट जुड़ जाने से स्वरूप भी नजर आने लगा है। जल्द ही पटरी बिछाने का काम शुरू होगा। वहीं प्रवासी भारतीय सम्मेलन को देखते हुए मार्ग में लगाए गए टिन के पतरों का रंगरोगन किया गया है।



एमआर-10 पर रात को भी मेट्रो लाइन के खंभे का निर्माण जारी है। ● नईदुनिया

**Times of India**
**Indore**
**31.12.2022**

# LOOKING AHEAD WITH HOPE

## Getting Ready For Metro Run

Sagar.Choukse
@timesgroup.com


The Swachh City is all set to move at a fast pace as Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) will go for a trial run of Indore Metro Rail in Sept 2023.

Out of 31.55 km circle of proposed Indore Metro Rail project, MPMRCL has completed/ensured acquisition and availability of land for around 17.5 km long 'priority corridor' while construction of a depot near Super Corridor and piling of piers (pillars) is on. "Of this, around a six-kilometre route between Gandhi Nagar and Super Corridor (S3) has been planned as 'super priority corridor' to go for metro rail trial run by Sept 2023," MPMRCL MD Manish Singh said.

Apart from construction of piers, launching of segments and setting up five stations on this six-kilometre section has been started while the rolling stock, also known as coaches, are expected to arrive in Indore by June next year. While all stations will have two tracks, Gandhi Nagar station being developed on Super Corridor will have three tracks including one to be connected with the depot to work as passage to bring/send the rail from/to track.

Kalpataru Power Transmission Limited has been assigned a tender to install a 750 Volt DC (direct current) line alongside the tracks to supply electricity to the trains. Besides, tender of signalling train control and tally communication has been assigned. All agencies have started working in coordination under monitoring of MPMRCL to achieve the common goal to start the operation by end of 2023. Senior MPMRCL officials said commercial operation is likely to be scheduled soon after trial run on 'super priority corridor.' The stations will have solar rooftop panels to ensure maximum use of green energy.

### FIRST ON THE TRACK




As part of **17.5 KM** priority corridor, at least **80%** work of pilling, **35%** work of pier/pillar and **30%** work of launching girder have been completed

Navbharat Bhopal
31.12.2022

# तय समय में पूर्ण होंगे मेट्रो ट्रायल रन के काम

**इंदौर, 30 दिसंबर. शुक्रवार को प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग नीरज मंडलोई और प्रबंध संचालक मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन मनीष सिंह ने मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की समीक्षा की.**



## प्रमुख सचिव ने की मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की समीक्षा

प्रबंध संचालक एवं मेट्रो अधिकारियों ने विस्तार से भोपाल एवं इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के बारे मे अवगत करवाया. श्री मंडलोई ने प्रोजेक्ट से संबंधित हर एक पहलू पर मेट्रो अधिकारियों से पूरी परियोजनाकेक्रियान्वयन, डिज़ाइनिंग, सिविलवर्क, सिस्टम, वित्त आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की. प्रमुख सचिव द्वारा प्रायोरिटी कॉरिडोर की प्रगति और निर्माण कार्य की स्थिति के बारे मे भी जानकारी प्राप्त की गई. प्रबंध संचालक नेआश्वस्त किया की प्रायोरिटी कॉरिडोरके तहत भोपाल व इंदौर मे कार्य द्रूत गति से चल रहे हैं. मुख्यमंत्री द्वारा मेट्रो ट्रायल रन की जो समय सीमा तय की गई है उसमे सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे. प्रबंध संचालक ने इस बात से भी अवगत करवाया कि जनवरी माह में इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन एवं ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान भी मेट्रो के निर्माण कार्य चलते रहेंगे. मेट्रो निर्माण स्थल के आसपास आमजन ओर यातायात में किसी प्रकार की कोई दुविधा न हो इसके लिए भी पूरी व्यवस्था की गई है. प्रमुख सचिव ने समीक्षा बैठक में हर एक पहलू पर विस्तृत चर्चा की एवं कार्यों की प्रगति को लेकर संतुष्टि जाहिर की एवं मार्गदर्शन किया. इस मौके पर उनके साथ एमपीएमआरसीएल से अजय शर्मा निदेशक (परियोजना), शोभित टंडन निदेशक सिस्टम, नीति कोठारी निदेशक वित्त व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे.

Navbharat Indore
31.12.2022

# तय समय में पूर्ण होंगे मेट्रो ट्रायल रन के काम

## प्रमुख सचिव ने की मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की समीक्षा



**इंदौर.** शुक्रवार को प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग नीरज मंडलोई और प्रबंध संचालक मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन मनीष सिंह ने मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की समीक्षा की. प्रबंध संचालक एवं मेट्रो अधिकारियों ने विस्तार से भोपाल एवं इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के बारे मे अवगत करवाया.

श्री मंडलोई ने प्रोजेक्ट से संबंधित हर एक पहलू पर मेट्रो अधिकारियों से पूरी परियोजनाकेक्रियान्वयन, डिज़ाइनिंग, सिविलवर्क, सिस्टम, वित्त आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की. प्रमुख सचिव द्वारा प्रायोरिटी कॉरिडोर की प्रगति और निर्माण कार्य की स्थिति के बारे मे भी जानकारी प्राप्त की गई. प्रबंध संचालक नेआश्वस्त किया की प्रायोरिटी कॉरिडोरके तहत भोपाल व इंदौर मे कार्य द्रुत गति से चल रहे हैं. मुख्यमंत्री द्वारा मेट्रो ट्रायल रन की जो समय सीमा तय की गई है उसमे सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे. प्रबंध संचालक ने इस बात से भी अवगत करवाया कि जनवरी माह में इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन एवं ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान भी मेट्रो के निर्माण कार्य चलते रहेंगे. मेट्रो निर्माण स्थल के आसपास आमजन ओर यातायात में किसी प्रकार की कोई दुविधा न हो इसके लिए भी पूरी व्यवस्था की गई है. प्रमुख सचिव ने समीक्षा बैठक में हर एक पहलू पर विस्तृत चर्चा की एवं कार्यों की प्रगति को लेकर संतुष्टि जाहिर की एवं मार्गदर्शन किया. इस मौके पर उनके साथ एमपीएमआरसीएल से अजय शर्मा निदेशक (परियोजना), शोभित टंडन निदेशक सिस्टम, नीति कोठारी निदेशक वित्त व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राज एक्सप्रेस

Indore

31.12.2022

# प्रवासी सम्मेलन और समिट के दौरान जारी रहेगा मेट्रो का काम

## समय सीमा में पुरा होगा मेट्रो का काम

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

जनवरी माह में इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन एवं ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान भी मेट्रो के निर्माण कार्य चलते रहेंगे। मेट्रो निर्माण स्थल के आसपास आमजन और यातायात में किसी प्रकार की कोई दुविधा न हो इसके लिए भी पूरी व्यवस्था की गई है। यह जानकारी प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन नीरज मंडलोई और प्रबंध संचालक मनीष सिंह मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की समीक्षा की दौरान दी गई। प्रबंध संचालक मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान कही। मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत भोपाल और इंदौर के कार्य तेज गति से चल रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा मेट्रो ट्रायल रन की जो समय सीमा तय की गई है उसमे सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे।

शुक्रवार को पीएस नगरीय विकास एवं आवास विभाग को नीरज मंडलोई और एमडी मनीष सिंह ने मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की समीक्षा की। प्रबंध संचालक एवं मेट्रो अधिकारियों ने विस्तार से भोपाल एवं इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के बारे में अवगत करवाया। श्री मंडलोई ने प्रोजेक्ट से संबंधित हर एक पहलू पर मेट्रो अधिकारियों से पूरी परियोजना के क्रियान्वयन, डिज़ाइनिंग, सिविल वर्क, सिस्टम, वित्त आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की । प्रमुख सचिव द्वारा प्रायोरिटी कॉरिडोर की प्रगति और निर्माण कार्य की स्थिति के बारे मे भी जानकारी प्राप्त की गई ।

### निर्माण कार्य चलते रहेंगे

एमडी मनीष सिंह ने प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत भोपाल व इंदौर में जारी कार्य की प्रगति की क्रमबद्ध बताया और मेट्रो ट्रायल रन की जो समय सीमा तय तक सभी कार्य पूर्ण करने की जानकारी दी। उन्होनें बताया कि इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन एवं ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान भी मेट्रो के निर्माण कार्य चलते रहेंगे। मेट्रो निर्माण स्थल के आसपास आमजन और यातायात में किसी प्रकार की कोई दुविधा न हो इसके लिए भी पूरी व्यवस्था की गई है। सभी पिल्लर और निमार्ण स्थल की साज सज्जा के साथ ही सुरक्षा का भी ध्यान रखा जा रहा है। प्रमुख सचिव ने समीक्षा बैठक में हर एक पहलू पर विस्तृत चर्चा की एवं कार्यों की प्रगति को लेकर संतुष्टि जाहिर की एवं मार्गदर्शन किया। इस मौके पर उनके साथ निदेशक परियोजना अजय शर्मा, निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, निदेशक वित नीति कोठारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

Free Press

Indore

31.12.2022

04 INDORE CITY

INDORE | SATURDAY | DECEMBER 31, 2022 www.freepressjournal.in

# No traffic bottlenecks at Metro sites ensured

**OUR STAFF REPORTER**
city.indore@fpj.co.in

Metro officials in the city have ensured smooth vehicular traffic and do everything to ensure that (traffic) snarls don't spoil the city's mood especially near the construction sites.

Also, the priority corridor will be completed within the stipulated deadline prescribed by the chief minister, Shivraj Singh Chouhan, said Neeraj Mandloi, principal secretary, Urban Development and Housing Department, and Manish Singh, managing director MPMRCL on Friday during the review meeting of the ongoing Metro rail project.



Mandloi had a detailed discussion with the Metro officials including implementation, designing, civil work, system, finance and other issues involving the project. The principal secretary also sought information on the progress of the priority corridor and the status of the job done so far.

The managing director assured that the construction work both in Bhopal and Indore is going on at a fast pace under the priority corridor and work will be completed within the time limit set by the CM Chouhan.

Managing director, Singh, also informed that the construction work of Metro will continue during the three-day Pravasi Bharatiya Conference and the Global Investors' Summit to be held in Indore in January.

Complete arrangements have been made to ensure that there is no dilemma in the public's mind and the vehicular traffic in and around the Metro construction site is not hampered. During the review meeting, the principal secretary discussed all the aspects in detail and expressed satisfaction on the progress of the construction work.

32

**Nai Dunia Indore**

**31.12.2022**

नईदुनिया
इंदौर, शनिवार 31 दिसंबर, 2022 | 11
www.naidunia.com

# सड़क, पुल और मेट्रो... यूं बदल रहा इंदौर

उदय प्रताप सिंह • इंदौर

समूचे मध्य भारत में जितनी तेजी से इंदौर बदल रहा है, उतनी त्वरा और तेजी से कोई और शहर नहीं बदल रहा। इसे इंदौर की किस्मत कह लें, मेहनत कह लें या नियति कह लें, लेकिन इंदौर के माथे पर विकास का जो सेहरा इन दिनों सज रहा है, उसे देखकर प्रदेश ही नहीं बल्कि भारत के कई शहर चकित हैं। स्वाभाविक है कि इससे इंदौरवासियों की खुशी का पारावार नहीं। नईदुनिया ने इसी खुशी की जमीनी पड़ताल की तो पाया कि सड़क, पुल और मेट्रो अब इंदौर के लिए मुकुटमणि बन रहे हैं। यहां दिन में जितना काम होता है, उससे ज्यादा विकास तो रात में होता दिखता है। और यह सब केवल प्रवासी भारतीय सम्मेलन या इन्वेस्टर्स मीट के लिए नहीं है, बल्कि अपनी आधारतभूत संरचनाओं का अभूतपूर्व विकास करना इंदौर की आदत हो चली है।

## स्मार्ट बनाने में नहीं छोड़ी कसर

स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा ऐतिहासिक धरोहर गोपाल मंदिर व राजवाड़ा के जीर्णोद्धार के काम को पूरा किया गया। हरिराव होलकर छत्री, को नया स्वरूप दिया गया। पुरात्व विभाग द्वारा लालबाग पैलेस का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी कंपनी ने 10 माह में एमजी रोड का चौड़ीकरण कर दिया है। स्लज हाइजीनेशन प्लांट तैयार कर गाद से खाद बन रही है। संजय सेतु की पार्किंग का निर्माण हुआ है। ये सब काम बताते हैं कि इंदौर ने बीते दो-तीन वर्षों में कमाल किया है।



यह इंदौर में विकास की तेज गति का प्रमाण है कि मेट्रो का काम दिन के मुकाबले रात में ज्यादा तेजी से चलता है। • राजू पवार

## ओवरब्रिज ने आसान बनाई राह

इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए गए पीपल्याहाना ब्रिज की सौगात भी शहर को वर्ष 2022 के दौरान ही मिली। वहीं पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए बंगाली ब्रिज से भी रिंग रोड के वाहनों को रफ्तार मिली। कुलकर्णी भट्टा पुल का निर्माण पूर्ण होने से पश्चिम क्षेत्र को जोड़ने वाला मार्ग सुगम हुआ। भानगढ़ पुल का निर्माण तय समय में पूरा हुआ।

## 400 करोड़ रुपये खर्च कर सड़क को दी जा रही रफ्तार

नगर निगम द्वारा शहर की सड़कों पर वाहनों को गति देने के लिए द्रुत गति से काम किया जा रहा है। मेजर रोड आरई-2, एमआर-3, एमआर-5, आरडब्ल्यू 1, स्कीम नंबर 155 रोड निर्माण, एमआर-4 रोड चौड़ीकरण, सुदामा नगर की सड़क, तेजाजी नगर से भंवरकुआ की रोड और बायपास की सर्विस रोड के निर्माण पर निगम 400 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर रहा है।

## 10 माह में मेट्रो की ओर बढ़ रहे शहर के कदम

इंदौर में मेट्रो का काम फरवरी 2022 से तेज गति से चला। वर्तमान में मेट्रो के 120 पिलर के ऊपर स्लैब डालकर स्पान के सेगमेंट लांच कर दिए गए हैं। वर्तमान में इस पर 7.2 किलोमीटर की मेट्रो पटरी बिछाई जा सकती है। विगत 10 माह में काम बहुत तेज गति से हुआ। अब तक गांधी नगर से रेडिसन होटल चौराहा तक 17 किलोमीटर में 83 प्रतिशत पाइल फाउंडेशन का काम हो गया है। मेट्रो के 16 स्टेशन का 94 प्रतिशत पाइल फाउंडेशन कार्य पूरा हो गया है। गांधी नगर डिपो, जहां से सभी ट्रेनों की शुरुआत होगी, का काम भी चल रहा है। कंट्रोल सिस्टम बनाने के साथ यहां पर 45 प्रतिशत कार्य हो चुका है। मई 2023 तक गांधी नगर स्टेशन का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।